कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) त्रिपुरा,
अगरतला- 799006

परिपत्र संख्या: 26 **दिनांक :08.07.2021**

परिपत्र

विषय : हिन्दी अधिकारी के एक (01) रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के संबंध में।

इस कार्यालय में हिन्दी अधिकारी (समूह 'ख', राजपत्रित, वेतन मैट्रिक्स लैवल 08 रु-47600-151100) के एक रिक्त पद को भारत सरकार, कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या No.6/8/2009-Estt(Pay-II), दिनांक 17.06.2010 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रतिनियुक्ति, भारत सरकार के द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अंतर्गत एवं जारी सामान्य शर्तों के आधार पर होगी। प्रतिनियुक्ति की आरंभिक अवधि 01 वर्ष की होगी, जिसे दोनों कार्यालयों की सहमति एवं प्रशासनिक सुविधा के आधार पर अधिकतम 03 वर्षों तक बढ़ाई जा सकती है।

आवेदन हेतु इच्छुक उम्मीदवार, जो निम्नानुसार अर्हताएँ पूरी करते हैं, वे अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से 15 दिनों के भीतर तक अपना आवेदन **कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) त्रिपुरा अगरतला, 799006** को प्रेषित कर सकते हैं :-

हिन्दी अधिकारी पद हेतु आवश्यक योग्यताएँ :

1. (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य तथा स्नातक स्तर पर अँग्रेजी एक विषय रहा हो।

   या

   (ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अँग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य तथा स्नातक स्तर पर हिन्दी एक विषय रहा हो।

   या

   (iii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में हिन्दी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य तथा स्नातक स्तर पर अँग्रेजी एक विषय रहा हो।

   या

   (iv) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में अँग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य तथा स्नातक स्तर पर हिन्दी एक विषय रहा हो।

   या

   (v) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में हिंदी अथवा अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य तथा स्नातक स्तर पर हिन्दी तथा अँग्रेजी एक विषय रहा हो।

2. (a) (i) समकक्ष पद पर कार्यरत हो।

   या

(ii) कर्मचारी, जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स लैवल 07 अथवा पूर्व संशोधित वेतनमान रु. 9300-34800 तथा ग्रेड वेतन रु 4600/- या समकक्ष मे 03 वर्ष नियमित सेवा पूर्ण की हो।

(b)

(i) कंडिका 1 के अनुरूप शैक्षणिक योग्यता धारण करते हों ।

3. अनुभव:

हिन्दी में परिभाषित शब्दावली कार्य का अनुभव एवं अँग्रेजी से हिन्दी या हिन्दी से अँग्रेजी में अनुवाद कार्य या शोध कार्य का 03 वर्षों का अनुभव हो।

या

राज्य/केंद्र/स्वायत्त संस्था/सार्वजनिक उपक्रम /विश्वविद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी अध्यापन का 03 वर्ष का अनुभव ।

प्रतिनियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष (आवेदन प्राप्ति के अंतिम दिवस को) निर्धारित की गई है।

आवेदन के साथ निम्नांकित अभिलेख/ प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना चाहिए :-

1. आवेदक द्वारा दी गई जानकारी सही होने से संबन्धित प्रमाण पत्र।

2. आवेदक के विरुद्ध कोई विभागीय, सतर्कता प्रकरण लंबित नहीं होने से संबन्धित प्रमाण पत्र।

3. चयन होने की स्थिति में, अधिकारी को कार्यमुक्त किया जाएगा के सम्बन्ध में नियोक्ता का प्रमाण पत्र।

5. पिछले पाँच वर्षों (जहां लागू हो) की गोपनीय चरित्रावली/ ए.पी.ए.आर. ।

हस्ता/-

उपमहालेखाकार (एएमजी-I & प्रशासन)

क्रमांक: स्था.(ले.प.)/7-6/ प्रतिनियुक्ति/2021/खंड-III/46 **दिनांक : 08.07.2021**

प्रतिलिपि :-

समस्त भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग के कार्यालय

(संलग्न सूची के अनुसार)

08/07/21

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी / प्रशासन

<u>आवेदन पत्र का प्रारूप</u>

1. नाम -

2. पैतृक कार्यालय का नाम और वर्तमान पदनाम -

3. वर्तमान मूल वेतन -

4. जन्म तिथि -

5. नियुक्ति तिथि -

6. वर्तमान पद पर उन्नति की तिथि -

7.शैक्षणिक योग्यता (अभिप्रमाणित छाया प्रतियाँ संलग्न करें)

दिनांक : अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

स्थान:

प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त विवरण कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार सही है।

कार्यालयाध्यक्ष /विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर, नाम पदनाम एवं मोहर